# पीएम इंटर्नशिप योजना

**स्रोत: BS**

हाल ही में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना शुरू की है, जिसकी घोषणा **केंद्रीय बजट 2024** में की गई थी।

## योजना के बारे में:

- इस योजना का उद्देश्य **युवा बेरोज़गारी की समस्या से निपटने के लिये विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना** है।
    - इसका उद्देश्य आगामी पाँच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप प्रदान करना है।
- आवेदकों को सरकार की ओर से 4,500 रुपए मासिक वृत्ति मिलेगी तथा कंपनियों द्वारा एक वर्ष के लिये उनकी **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व** पहल के तहत अतिरिक्त 500 रुपए दिये जाएंगे।
- नामांकन के समय 6,000 रुपए का एकमुश्त अनुदान प्रदान किया जाएगा, साथ ही पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना और पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा कवरेज़ भी प्रदान किया जाएगा।

## पात्रता मापदंड:

- **आयु**: 21- 24 वर्ष
- **शिक्षा**: कम-से-कम 10वीं कक्षा; प्रमुख संस्थानों ( **IIT**, **IIM**) से स्नातक और व्यावसायिक योग्यता (CA) को इसमें शामिल नहीं किया गया है।
- **रोज़गार की स्थिति**: पूर्णकालिक रोज़गार में संलग्न नहीं होना चाहिये।
- **आय प्रतिबंध**: परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिये; सरकारी कर्मचारियों वाले परिवार अपात्र हैं।

## योजना के लाभ:

- यह योजना वास्तविक दुनिया के वातावरण में व्यावहारिक कौशल प्रदान करती है।
- इससे युवाओं को वित्तीय सहायता मिलेगी।

**और पढ़ें**: **भारत में युवा रोज़गार**, **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व:महत्त्व**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-internship-scheme-1